<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 06.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1- पेपर लीक विवाद के बीच आज से होने वाली नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित, नई तारीख की जल्द की जायेगी घोषणा।

2- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, गुमला में 35 आइइडी बरामद, लातेहार में दो इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण।

3- लक्ष्मीकांत वाजपेयी फिर बनाए गए भाजपा के झारखंड प्रभारी, जोबा माझी लोकसभा में होंगी झामुमो संसदीय दल की नेता।

4- मौसम विभाग ने दुमका, हजारीबाग और पलामू समेत 11 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की, 11 जुलाई तक राज्य में जारी रहेगा बारिश का सिलसिला।

********************

पेपर लीक विवाद के बीच मेडिकल काउंसलिंग कमीशन ने नीट यूजी 2024 की काउंसलिंग अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दी है। इसके लिए आज से काउंसलिंग शुरू होने वाली थी। नीट यूजी 2024 की काउंसलिंग की नई तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लातेहार जिले में दस–दस लाख रुपये के दो इनामी नक्सलियों ने पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी वाईएस रमेश और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर नीरज सिंह खेरवार और राजकुमार गंझू शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया राज्य सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर दोनों नक्सलियों ने समाज की मुख्यधार में लौटने का फैसला किया।

********************

इधर, गुमला जिले में पुलिस ने माओवादियों को खतरनाक मंसूबे को विफल कर दिया है। पुलिस ने गुमला–कुरुमगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क और एक अन्य स्थान पर विस्फोट करने के इरादे से लगाए गए करीब 35 आईईडी बरामद किए हैं। बम निरोधक दस्ता और जगुआर पुलिस की टीम ने कल देर रात इनको निष्क्रिय कर दिया।

********************

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार विकास की सोच के साथ आगे बढ़ेगी। श्री सोरेन ने जनता के नाम एक संदेश में कहा कि 2019 में उन्हें जनादेश मिला था और उस वक्त लिये गये संकल्प को पूरा करने के लिए वे वापस आये हैं।

********************

इधर, केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने एक बार फिर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। कल रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने झारखंड की डेमोग्राफी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां की जनता को जागरूक करते हुए वर्तमान गूंगी–बहरी सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार के कुशासन को समाप्त करना भाजपा का संकल्प है।

********************

चतरा के सांसद काली चरण सिंह ने नयी दिल्ली में केंद्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से चतरा जिले में नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, एनआईएफटी की

स्थापना की मांग की है। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को जिले में तकनीकी शिक्षा के अभाव से अवगत कराते हुए कहा कि एनआईएफटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के चतरा में खुलने से युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

********************

कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के निर्देश पर सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा चतरा जिले के टंडवा स्थित सीसीएल की मगध कोल परियोजना की खदानों में ड्रोन कैमरे के जरिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य कोयला संसाधनों और अन्य संपत्तियों की रक्षा करना है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी को दोबारा झारखंड का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश को बिहार का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड समेत विभिन्न प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी एवं सह–प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी है।

********************

इधर, झारखंड की सिंहभूम लोकसभा सीट से सांसद जोबा माझी लोकसभा में झामुमो संसदीय दल की नेता चुनी गयी हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा संसदीय दल की बैठक में इनके नाम पर निर्णय लिया गया। लोकसभा में झामुमो के तीन सांसद हैं। पार्टी ने राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल का नेता डॉ सरफराज अहमद को मनोनीत किया है।

********************

झारखंड समेत देशभर में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गये हैं। तीनों नए कानूनों के जरिये पुराने कानूनों की जटिलताओं को दूर करने का प्रयास किया गया है। झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता अरविंद कुमार झा ने नये कानूनों के प्रावधानों की जानकारी दी।

********************

देवघर में 22 जुलाई से शुरु होने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इस सिलसिले में जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने कल देर शाम कांवरिया पथ और मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ 15 जुलाई तक सभी तैयारियां पूरी

कर लेने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

********************

चतरा जिले में अवैध तरीके से संचालित नर्सिंग होम संचालकों के विरुद्ध उपायुक्त ने कार्रवाई शुरु कर दी है। उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव के नेतृत्व में छापेमारी दल ने जिला मुख्यालय में संचालित एक अवैध नर्सिंग होम में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

********************

आकांक्षी जिला सरायकेला खरसावां में नीति आयोग के निर्देश पर संपूर्णता अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत छह प्रमुख संकेतकों पर फोकस किया जा रहा है।

********************

हजारीबाग जिले में पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी के चार वाहन भी बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

********************

मौसम विभाग ने अगले दो दिन पूरे राज्य में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। आज दुमका, हजारीबाग और पलामू समेत 11 जिलों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है जबकि कल भी कई क्षेत्रों में वर्षा हो सकती है। इधर, मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार मानसून सीजन में राज्य में अब भी 50 प्रतिशत कम वर्षा हुई है।

********************

भारत और जिम्बावे के बीच पांच ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच आज शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवीन्द्र जडेजा के ट्वेंटी–ट्वेंटी मैचों से संन्यास लेने के बाद भारत का यह पहला ट्वेंटी–ट्वेंटी मैच है।

*******समाप्त**************